राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

श्रेष्ठ, सशक्त एवं निरोगी राजस्थान में भागीदारी निभायें – राज्यपाल

जयपुर, 14 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर देश और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से श्रेष्ठ, सशक्त एवं निरोगी राजस्थान के निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने स्वाधीनता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करते हुए सभी ज्ञात–अज्ञात शहीदों को नमन भी किया है।

———